दिनांक 30.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस.के.सुन्दरानी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 हेतु नगर पालिक निगम भिलाई को 70 हजार से अधिक स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें निगम में आने वाले क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को सर्वप्रथम मोबाईल स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड कराना सुनिश्चित करें और प्रतिदिन प्रतिवेदन तैयार कर जिसमें आवेदक का नाम, मोबाईल नम्बर, पता का उल्लेख हो के संबंध में निगम आयुक्त के द्वारा आदेश प्रसारित किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने भिलाई को नम्बर–01 बनाने लिए आम नागरिकों से अपील की है कि आप लोग स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड अवश्य करें आप ऐप्प के माध्यम से अपनी स्वच्छता संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, आपके शिकायतों का निराकरण 24 घण्टो के भीतर कर दिया जावेगा, ऐप्प के माध्यम से शिकायत दर्ज करने पर तुरंत कार्यवाही की जावेगी, जिससे समय सीमा पर निराकरण हो सकेगा। स्वच्छता ऐप्प को आप अपने मोबाईल में कैसे डाउनलोड करेंगे इस संबंध में निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड आप अपने मोबाईल में इस तरह से कर सकतें हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी